आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देश भर में शुरू हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–विभिन्न कृषि संबंधी मुद्दों का समाधान कर रही है केंद्र सरकार।
- आज कानपुर आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने सिद्धार्थनगर जिले में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का किया शिलान्यास, कहा–भगवान बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थलों का निर्माण कराएगी सरकार।
- पर्यटकों के लिए सप्ताह में एक दिन बंद रहेंगे पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी अभ्यारण्य।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देश के कृषि क्षेत्र को विकसित करने के महत्व पर बल दिया है। कल देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुरू होने पर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत करने सहित विभिन्न कृषि–संबंधी मुद्दों का समाधान कर रही है।

देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा राज्य के पुरी जिले से पूरे देश के लिए इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से वैज्ञानिकों और किसानों के बीच दोतरफा संवाद स्थापित होगा। इसके तहत वैज्ञानिक, शोध और तकनीकी जानकारियों को साझा करेंगे। साथ ही किसानों के समक्ष चुनौतियों पर डेटा भी जुटाएंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बारह जून तक चलने वाले इस अभियान में लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र और अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार जमीनी स्तर पर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया वह सिर्फ भारतीयों पर हमला नहीं, भाईचारे की भावना पर हमला था। सिक्किम राज्य की पचासवीं वर्षगांठ समारोह को कल वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

**आतंकियों ने हमारे अनेक परिवारों के खुशियों को छीन लिया। उन्होंने हम भारतीयों को बांटने की भी साजिश की, लेकिन आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है। हमने एकजुट होकर आतंकियों और उनके सरपरस्तों को साफ संदेश दिया। उन्होंने हमारे बेटियों के माथे का सिंदूर पोछ कर उनका जीना हराम कर दिया। हमने आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया है।**

रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में कहा कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**********

आतंकवाद के खात्मे के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल कई देशों में उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण अफ्रीका में है। वहीं शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की यात्रा के बाद सिएरा लियोन पहुंचा। सिएरा लियोन की संसद ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कानपुर आएंगे। वह हजारों करोड़ रुपये की करीब पंद्रह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। हमारे कानपुर प्रतिनिधि ने बताया कि प्रधानमंत्री जिले से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के साथ साथ प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्थापित कई अन्य परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री दो हजार 120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 660 मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी। प्रधानमंत्री घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की 9,330 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तीन 660 मेगावाट की इकाइयों का भी उद्घाटन करेंगे, जिससे बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके अलावा श्री मोदी जिन परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे उनमें बिनगवां में 40 एमएलडी**

**क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट, गौतमबुद्ध नगर में 220 और 132 केवी सबस्टेशन, कानपुर और आसपास के क्षेत्रों के स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक सुधार और नगरीय सेवाओं से जुड़ी अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर।**

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कानपुर में सुरक्षा और साफ सफाई के व्यापक प्रबंध किए गये हैं।

**********

केंद्रीय आवास और शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल ने कल सिद्धार्थनगर जिले में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार वहां भगवान बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थल का निर्माण कराएगी।

**यहाँ पर कोई एक पर्यटन स्थल ऐसा बने कि देश और दुनिया के लोग आना शुरू करें। ऐसा हम इसको आगे बढ़ा कर के और कोई न कोई ऐसे इसका विकास करने के लिए भारत सरकार की ओर से जो भी कुछ होगा उसको हम जरूर करेंगे।**

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने बताया कि जिले में गौतम बुद्ध कन्वेंशन सेंटर का निर्माण तेईस करोड़ रुपये की लागत से होगा।

**भारत सरकार के ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी न केवल गौतम बुद्धा कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया है जिसकी कीमत तेईस करोड़ है। श्री मनोहर लाल जी जहाँ पे उनतीस साल तक गौतम बुद्ध बालकाल में राजा शुद्धोदन की राजधानी कपिलवस्तु में थे, उस स्तूप पर भी गए। भारत सरकार के संग्रहालय को भी देखा और बहुत सौभाग्यशाली उन्होंने माना। उन्होंने कहा इसका विकास हमारी भारत सरकार करेगी, उत्तर प्रदेश सरकार करेगी।**

**********

पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों के आयोजन जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष के साथ इससे संबंधित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर आधारित कमल ज्योति विशेषांक का विमोचन भी किया गया। झांसी नगर निगम में छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान से जुड़े सम्मेलन में हिस्सा लिया। अमरोहा जिले में इस उपलक्ष्य में रैली निकाल कर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मऊ जिले में आयोजित कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शामिल हुए। आजमगढ़ जिले में प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान की मौजूदगी में नगर पालिका सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी अभ्यारण्य सप्ताह में एक दिन पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। इस संबंध में प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव अनुराधा वेमूरी ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि साप्ताहिक बंदी के दिन सार्वजनिक अवकाश होने पर उस दिन अभ्यारण्य को खोला जाएगा और साप्ताहिक बंदी अगले दिन रहेगी।

**********

पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवाओं के लिए पंजीकरण करने को कहा है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है। शब्द के पास एक हजार पांच सौ से अधिक रिपोर्टर, संवाददाता और स्ट्रिंगर्स का एक मजबूत नेटवर्क है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में कहीं कहीं कल से रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल भी गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने, बारिश होने, ओला पड़ने, तेज हवाएं चलने तथा बिजली गिरने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

**********